हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

14 मोबाइल की लत के खिलाफ छात्रों को किया गया ...



12 नगर में एकमुखी चतुर्भुज भगवान ...





## खबर संक्षेप

### होली से पहले गुंडा-बदमाशों को बुलाया गया थाना



**लवन**। होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों तथा शांति व्यवस्था बाधित करने वाले आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत निवासरत गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को थाना बुलाया गया। इस दौरान थाना लवन में सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय एसडीओपी बलौदाबाजार, निरीक्षक शशांक सिंह थाना प्रभारी लवन द्वारा सभी गुंडा बदमाशों एवं निगरानी बदमाशों को होली पर्व के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा शासन के नियमों का पालन करने हेतु हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त सभी गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को समझाया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा गड़बड़ी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना लवन क्षेत्र के 5 निगरानी बदमाश एवं 24 गुंडा बदमाश कुल 29 बदमाश उपस्थित थे।

### दिशा की बैठक 6 को

**महासमुंद**। जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 6 मार्च को आयोजित होगा। बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में होगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### खिलाड़ियों ने मरम्मत के लिए जिला प्रशासन से लगाई गुहार

# खेल मैदान बर्बाद, खिलाड़ियों के समक्ष खेलने का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में खेल प्रेमियों के बीच गहरी निराशा देखी जा रही है। क्रिकेट और फुटबॉल खेलने के लिए शहर में ढंग का मैदान ही नहीं बचा है।

पिछले दो दशकों से युवा खिलाड़ी, शासकीय कर्मचारी और विद्यार्थी दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय के पीछे स्थित खाली मैदान में क्रिकेट खेलते आ रहे थे, लेकिन अब नए खेल मैदान में रनिंग ट्रैक निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य के चलते उस मैदान को भी पूरी तरह उखाड़ दिया गया है।

कॉलेज परिसर में नए भवन निर्माण और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण मैदान में जगह-जगह रेत-गिट्टी बिखरी पड़ी है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे मैदान की स्थिति बदतर हो गई है और खिलाड़ियों के लिए खेलना असंभव हो गया है। खेल प्रेमियों का कहना है कि अगर मैदान में मौजूद समतलीकरण करने वाली मशीनों और संसाधनों का उपयोग कर दिया जाए, तो मैदान को फिर से खेलने योग्य बनाया जा सकता है।

खिलाड़ियों ने यह भी सुझाव दिया है कि यह मैदान भविष्य में हेलीपैड के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है, इसलिए इसका संरक्षण जरूरी है।



#### खिलाड़ियों की चिंता

खेल प्रेमियों का कहना है कि चक्रपाणि स्कूल के बाद डीके कॉलेज मैदान ही शहर का एकमात्र बड़ा मैदान था। यहां पर आए दिन सरकारी आयोजन होते रहते हैं। बलौदाबाजार में खिलाड़ियों के लिए कोई विकल्प है ही नहीं।

#### डीके कॉलेज मैदान समतलीकरण की मांग

खिलाड़ियों ने इस संबंध में कलेक्टर दीपक सोनी से भी गुहार लगाई है। उनका निवेदन है कि जब स्पोर्ट्स स्टेडियम में रनिंग ट्रैक निर्माण के लिए भारी संसाधन और वाहन उपलब्ध हैं, तो उन्हीं संसाधनों का थोड़ा सा उपयोग कर डीके कॉलेज मैदान को भी समतल कर दिया जाए।

#### कलेक्टर व खेल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

खेल प्रेमियों ने कलेक्टर, खेल अधिकारी और कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए मैदान को बचाने की मांग की है। साथ ही शहरवासियों से भी सहयोग की अपील की है, ताकि डीके कॉलेज मैदान का अस्तित्व बचाया जा सके और आने वाली पीढ़ियों को खेलने का अवसर मिलता रहे।

# जिले के 157378 किसानों के खाते में आज आयेगी अंतर की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

होली त्यौहार के पूर्व किसानों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का अंतरण करेंगे। जिला स्तरीय समारोह मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में अपरान्ह 12 बजे से किया जाएगा, जिसमें जिले के 157378 किसानों के बैंक खाते में आदान सहायता राशि 578 करोड़ 36 लाख रुपये का अंतरण होगा।

- 578 करोड़ से अधिक राशि का होगा अंतरण

आदान सहायता राशि अंतरण समारोह आयोजन हेतु कृषि विभाग द्वारा आवश्यक तैयारी की जा रही है। सफल आयोजन हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी समारोह स्थलों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में बिलासपुर जिले के बिल्हा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण को देखने हेतु एलईडी टीवी की भी व्यवस्था रहेगी।

ज्ञातव्य है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 157417 किसानों से 791510 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य में ख़रीदा गया है। इस वर्ष धान खरीदी हेतु जिले के 167121 किसानों ने पंजीयन कराया था जो राज्य में सर्वाधिक है।

## रेडक्रॉस प्रबंधकारिणी की बैठक में लिये गए अनेक निर्णय



**बलौदाबाजार**। रेडक्रॉस अंतर्गत जिला शाखा बलौदाबाजार की प्रबंधकारिणी की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिला शाखा के सभापति अरविंद शुक्ला की अध्यक्षता में हुई।

- एनजीओ और चैम्बर ऑफ कॉमर्स को जोड़ने का निर्णय

बैठक में रेडक्रॉस के अंतर्गत सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यों की संख्या बढ़ाने हेतु आमजनों, सर्व समाज, विभिन्न एनजीओ एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स को जोड़ने का निर्णय लिया गया। रेडक्रॉस स्थापना दिवस 8 मई के अवसर पर जिले में वृहद रक्तदान शिविर एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को प्रबंधकारिणी की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। साथ ही जिले के सभी टीबी मरीजों के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से निश्चय मित्र बनाकर फूड बास्केट के रूप में पोषण ▶▶ शेष पेज 13 पर

## समाधान सेल की सूचना पर जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और अपराध मुक्त समाज की दिशा में शुरू की गई समाधान सेल योजना रंग लाने लगी है। इसी कड़ी में 27 फरवरी को पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिलाबदर की अवधि का उल्लंघन कर क्षेत्र में घूम रहे शातिर आरोपी नारायण साहू को धर दबोचा।समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर पर पुलिस को सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी 27 वर्षीय नारायण साहू पलारी के बाल समुंद तालाब के पास देखा गया है। सूचना मिलते ही पलारी पुलिस की टीम ने घेराबंदी की और आरोपी को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। आरोपी को बलौदाबाजार सहित सीमावर्ती जिलों रायपुर, बिलासपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा और सारंगढ़-बिलाईगढ़ की सीमाओं से बाहर रहना था।





# सिकासेर-कोडार सिंचाई परियोजना के जल्द क्रियान्वयन के लिए सीएम से मिला दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजना सिकासेर-कोडार के लिए राज्य बजट में 3,047 करोड़ रुपए के प्रावधान के बाद जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक शॉल भेंट किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और स्वीकृत राशि के अनुरूप समयबध्द क्रियान्वयन होगा।

मुलाकात के संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि जिले में लगातार अल्पवर्षा और अकाल की स्थिति से जूझ रहे किसानों के सूखे खेतों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने की मांग अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। वर्षों के जनसंघर्ष, पदयात्रा, ज्ञापन और राजनीतिक प्रयासों के बाद राज्य सरकार ने 3,047 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर इस महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई, जब प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालीन सिंचाई मंत्री से मुलाकात कर महासमुंद जिले में स्थायी सिंचाई व्यवस्था की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। हालांकि, उस समय ठोस



परिणाम सामने नहीं आ सके, लेकिन जनप्रतिनिधियों और किसानों ने प्रयास जारी रखा। 19 फरवरी 2023 से गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्र उंडा (पीपरछेड़ी) से राजधानी रायपुर तक 155 किलोमीटर लंबी पदयात्रा प्रारंभ की गई। इस पदयात्रा का उद्देश्य विधानसभा घेराव कर सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। चुन्नीलाल साहू ने बताया कि उनके नेतृत्व में पदयात्रा के रायपुर पहुंचने पर लगभग 2000 किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालीन राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया, जिस पर राज्यपाल ने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए सर्वे कार्य के लिए बजट में राशि का प्रावधान सुनिश्चित कराया। हालांकि, इसके बाद भी तत्कालीन सरकार द्वारा अपेक्षित गति से कार्रवाई नहीं की गई। आंदोलनकारियों ने 2023-24 के विधानसभा चुनाव के दौरान इस मांग को राजनीतिक एजेंडे में शामिल कराने के प्रयास तेज किए। परिणामस्वरूप, भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में इस सिंचाई परियोजना को स्थान मिला। सरकार गठन के बाद विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए बजट में 3,047 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी। इससे जिले के हजारों किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। परियोजना की स्वीकृति के बाद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि यह बजट स्वीकृति नहीं, वर्षों के संघर्ष, विश्वास और सामूहिक संकल्प की जीत है।

## खबर संक्षेप

### साहित्यकार सुशील भोले को सभी वर्गों ने दी श्रद्धांजलि

**पलारी।** छत्तीसगढ़ के चर्चित



साहित्यकार सुशील भोले का निधन हो गया। अंचल के साहित्यकारों ने इसे साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति बताया। इस महान साहित्यकार को पलारी के साहित्यकार दीपक कुमार तिवारी, हितेंद्र ठाकुर, रामकुमार साहू, पोखन जायसवाल, पूरन जायसवाल, नेहरू यादव, अरुण वर्मा, के के फेकर, तोरण साहू, रामनारायण यादव, इत्यादि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### बीएड तृतीय सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज के बीएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। इस सत्र में मोनिका वाघमारे ने 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त फिजा परवीन (83.7), राज पटेल (83.7), प्रेमा साहू (83.7) तथा रंजना चंद्राकर (83.4 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्या डॉ. अंकिता चंद्राकर, विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार साहू तथा सहायक प्राध्यापकगण उमा चौधरी, निर्मल बंजारे, टोपराम कुर्रे, डिम्पल साहू एवं शीतल साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गोस्वामी समाज का होली मिलन 8 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद की आमसभा तथा होली मिलन कार्यक्रम 8 मार्च रविवार को ग्राम लभराकला स्थित हुलास गिरि के निवास स्थान में होगा। जिसमें जिले के सभी महिला तथा पुरुष सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है। जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि उक्त तिथि को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आमसभा की कार्रवाई होगी। तत्पश्चात होली मिलन कार्यक्रम होगा। होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं की बैठक व्यवस्था अलग से रहेगी। ताकि वे स्वतंत्रता पूर्वक कार्यक्रम का आनंद ले सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खोमन भारती, रामेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, शंकर पुरी, हुलास गिरि, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, अर्जुन गिरि, राजू गिरि, मनोज गिरि, राम पुरी, शुभम भारती आदि पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## निधन

### चंदादेवी डागा

**महासमुंद।** स्थानीय एकता चौक निवासी 62 वर्षीय चंदादेवी डागा का



शुक्रवार 27 फरवरी को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदकिशोर डागा की धर्मपत्नी, निखिल, अंकित डागा की मां व प्रतिष्ठित व्यवसायी कमल इंटरप्राइजेस के संचालक मूलचंद लड्ढा की बड़ी बहन थी।

## विडंबना : रात्रिकालीन गश्त कागजों तक सीमित होने के लग रहे आरोप

# लगातार हो रही चोरियों से परेशान हैं कर्मचारी कॉलोनी के नागरिक, सुरक्षा की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- लगातार वारदातों से दहशत, 80 लाख से अधिक की संपत्ति पार, पुलिस पर उठे सवाल

चोरों के लिए ग्राम पंचायत लहरौद स्थित कर्मचारी कालोनी गढ़ बना हुआ है। लगातार चोरी की घटनाओं ने से रहवासी परेशान हैं।स्थानीय लोगों द्वारा बीट व्यवस्था और रात्रिकालीन गश्त कागजों तक सीमित होने के आरोप लग रहे हैं।

मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2026 में राकेश नायक के निवास से लगभग 30 लाख रुपए के सोने के आभूषणों की चोरी हुई। इसी प्रकार सत्यवती दुबे के घर से 3 लाख 50 हजार रुपए नगद एवं जेवरात तथा बालकुमार ठाकुर के घर से लगभग 3 लाख रुपए के माल-मशरुका की चोरी दर्ज की गई। इससे पूर्व वर्ष 2024 में चितरंजन चौधरी की कार का कांच तोड़कर 10 लाख रुपये नगद पार कर दिए गए थे। वर्ष 2022 में महेश साहू के घर से 4 लाख रुपये के जेवर, वर्ष 2021 में नीरज अग्रवाल के यहां से 5 लाख 50 हजार रुपये तथा जितेंद्र प्रसाद दुबे के घर से 3 लाख रुपये की चोरी की घटना सामने आई थी।

पुनीत सिन्हा के घर को एक ही वर्ष में दो बार निशाना बनाया गया। पहली घटना में लगभग 10 लाख रुपये के जेवर एवं नगदी और दूसरी बार 60 हजार रुपये की नगदी चोरी हुई। इसके बावजूद पुलिस अब तक किसी भी मामले में ठोस सफलता हासिल नहीं कर सकी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कॉलोनी में 5-6 छोटी चोरियां ऐसी भी हुई हैं, जिनकी रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं कराई गई, क्योंकि पीड़ितों को कार्रवाई की उम्मीद नहीं है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरी की वास्तविक राशि 80 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है।



**सुनाई आपबीती**

स्थानीय निवासी पुनीत सिन्हा ने बताया कि दो बार चोरी हुई है। थाने में शिकायत की थी, पुलिस जांच में आई, लेकिन अब तक प्रकरण में कुछ नहीं हुआ। स्थानीय निवासी महेश साहू ने कहा कि घर में कोई नहीं था। लौटे तो ताला और आलमारी टूटी मिली। गहनों की चोरी हुई थी। पुलिस कई बार आई, जांच भी हुई, लेकिन नतीजा शून्य है। स्थानीय निवासी सत्यवती दुबे ने बताया ने कहा कि गांव से लौटी तो घर का ताला टूटा मिला। आलमारी से गहने गायब थे। रिपोर्ट दर्ज कराई, पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# धमनी में हुई प्रकृति का रंग प्रकृति के संग नाट्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड धमनी में 20 से 26 फरवरी तक आयोजित प्रकृति का रंग प्रकृत्ति के संग साप्ताहिक कार्यशाला हुई। कार्यक्रम में धमनी मिडिल एवं हाईस्कूल तथा पलारी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की टीम के संग अंचल के कलाकार छवि मानिकपुरी एवं अर्चना मानिकपुरी द्वारा नृत्य संवाद प्रस्तुतियों के माध्यम से वन संरक्षण, अवैध कटाई नियंत्रण, वन में आग लगने के कारण, बचाव के लिए प्रेरित किया। गायक मिनेंद्र कुमार यादव, साथी निमित्त ध्रुव, कुमेदं निषाद के संगीतमय प्रस्तुति दी। 30 मिनट का नाट्य प्रदर्शन पश्चात सभी नाटक मे शामिल बृजलाल महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं आकाश कन्नौजे, रेणुका, पायल, अन्नू, श्वेता, गीतांजलि, गामिनी, त्रिपाणी, मोनिका, पम्मी, सहित रंगमंच के मुख्य किरदार छवि और अर्चना मानिकपुरी संज्ञान नायक, चंद्रभान मानिकपुरी बंदर की भूमिका में मयंक यादव, अल्फ्रेड टंडन, भालू के गेटअप में चंदन साहू और दर्शक दीर्घा मे दामिनी साहू, प्रियंका, आरती, कुसुम यदु, बबली यदु पूर्णिमा स्वास्थ्य विभाग से संजय पैकरा भी उपस्थित रहे।

## होली पर्व पर 4 को शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाएगा) के अवसर पर बुधवार 04 मार्च 2026 को संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी क्रम में महासमुंद जिले में भी उक्त दिवस पर मदिरा विक्रय एवं संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिले में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा की समस्त फुटकर दुकानें, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, क्लब तथा समस्त अनुज्ञापत्रधारी परिसर जैसे सीएस.-2 (घघ), सीएस-2 (घघ कंपोजिट), एफएल 1 (घघ), एफएल-1 (घघ कंपोजिट), सीएस-2 (ग-अहाता), सीएस-2 (ग-अहाता कंपोजिट अहाता), एफएल-1 (ख-अहाता), एफएल-1 (कंपोजिट अहाता), एफएल-3 एवं देशी मद्य भंडारण भांडागार महासमुंद को 04 मार्च को पूर्णतः बंद रखा जाएगा। उक्त दिवस पर मदिरा का किसी भी प्रकार का विक्रय, परिवहन एवं संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही इस अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भंडारण तथा गैर-लाइसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के संग्रहण पर सख्त रोक लगाई जाएगी। अवैध भंडारण पाए जाने पर मदिरा की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संभावित ठिकानों की जांच की जाए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा-प्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला वैचारिक जागरण और संगठनात्मक नवसंकल्प का सशक्त मंच बनकर उभरी। यह आयोजन केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि विचारों के पुनरुत्थान और कार्यकर्ता चेतना के नवोदय का प्रतीक सिद्ध हुआ।



कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं डॉ विमल चोपड़ा विषय वक्ता के रूप कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्य वक्ता अखिलेश सोनी ने पार्टी की संघर्षमयी यात्रा का स्मरण कराते हुए कहा कि दो सांसदों से प्रारंभ हुआ यह वैचारिक कारवां आज 200 से अधिक सांसदों के विराट जनसमर्थन तक पहुंचा है। यह विस्तार केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है। उन्होंने संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और नेतृत्व की प्रतिबद्धता को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक सुदृढ़ रूप से स्थापित करने का आह्वान किया। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्रशिक्षण के विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें इतिहास और विकास की यात्रा, सैद्धांतिक अधिष्ठान, एकात्म मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंचनिष्ठा, कार्यकर्ता विकास, वर्तमान राष्ट्रीय चुनौतियां तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विविध आयामों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण संगठन को नई दिशा और नई शक्ति प्रदान करेगा।

### कृषक उन्नति आदान सहायता से किसानों को ऐतिहासिक संबल

**बागबाहरा।** प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने एक बार फिर किसानों और श्रमिकों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए ऐतिहासिक पहल की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित कृषक उन्नति आदान सहायता योजना के अंतर्गत 25 लाख 24 हजार किसानों के खातों में 10,000 करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की जानी है। यह राशि किसानों को रबी फसल के लिए खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयों की व्यवस्था के साथ-साथ पारिवारिक आवश्यकताओं, बेटियों के विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों में आर्थिक संबल प्रदान करेगी। एकमुश्त राशि खाते में पहुंचने से किसानों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसके अतिरिक्त 5 लाख 62 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों को भी 10,000 प्रति हितग्राही के मान से मुख्यमंत्री द्वारा आने वाले समय में डीबीटी के माध्यम से राशि प्रदान की जाएगी। यह निर्णय भूमिहीन श्रमिक परिवारों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है किसान, गरीब और श्रमिक वर्ग का सशक्तिकरण। उन्होंने कहा कि डीबीटी प्रणाली से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। बिचौलियों की भूमिका समाप्त होने से हितग्राहियों को संपूर्ण राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हो रही है, जिससे शासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

# भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाने की खुलेआम तैयारी: रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कड़वी सच्चाई यही है कि भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाने की तैयारी खुलेआम चल रही है। ब्राउन शुगर, हेरोइन और नशीली गोलियों की तस्करी बढ़ रही है। पिछले कुछ माह से कई घटनाएं सामने आई हैं। रायपुर, दुर्ग-भिलाई जैसे शहरों में पान की दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिए ड्रग्स से जुड़े प्रोडक्ट बेचे जाने के मामले भी सामने आए हैं। पूरे प्रदेश में नशे के बाजार ने पिछले कुछ सालों में चुपके से जड़ें जमा ली हैं। अब इसकी जड़ें इतनी गहरी हो गई हैं कि प्रदेश के कई इलाके में नशीली दवाओं से लेकर गांजा बेफिक्री के साथ बिक रहा है। विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन में पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति तार-तार हो चुकी है। कोई ऐसा शहर नहीं बचा है, जहां अश्लीलता, हत्या, बलात्कार, डकैती, लूटपाट न हो. अब छत्तीसगढ़ नशा का गढ़ बन गया है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरम लाल कौशिक खुद स्वीकार कर रहे हैं कि प्रदेश में नशे का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार ने छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बना दिया है, जो काफी चिंता वाली बात है। भाजपा की सरकार ने प्रदेश



को नशे का गढ़ बनाने पर ही काम किया है। छत्तीसगढ़ का एक ऐसा राज्य, जो कभी शांत जीवनशैली और खेती-किसानी के लिए जाना जाता था, अब नशे के माफियाओं के अघोषित साम्राज्य में तब्दील होता जा रहा है। गांव से लेकर कस्बों तक माफियाओं के अघोषित साम्राज्य के रूप में पहचाना जाने लगा है। आलम यह है कि गांव की गलियों से लेकर शहर के चौक-चौराहों तक, हर जगह अवैध शराब और इस अवैध कारोबार का बोलबाला है। और अफसोस की बात ये है कि भाजपा सरकार और कानून-व्यवस्था इसके सामने लगभग नतमस्तक नजर आ रही है। कई गांवों में तो महिलाएं खुद पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के पास पहुंच चुकी हैं, शिकायतों की फाइलें जमा हो चुकी हैं।

## महिला समूह ने की मेला स्थल की साफ-सफाई



**गिधौरी।** गिरौदपुरी में तीन दिवसीय मेला अब समाप्त हो चुका है, जहां छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्यों से मेले में श्रद्धालु शामिल हुए। यहां का मेला हर बार की तरह इस बार भी ऐतिहासिक रहा। सभी तरफ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। मेला पश्चात परिसर में नारियल के छिलके, पालीथीन बिखरे पड़े थे एवं अनेक जगह बचा हुआ खाना पड़ा था जिसे साफ किया गया। जनपद पंचायत कसडोल और स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े महिला स्व सहायता समूह ने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की।

# खल्लारी में हुआ यादव ठेठवार समाज का अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

राधाकृष्ण मंदिर यादव (ठेठवार) समाज उप महासभा का वार्षिक अधिवेशन खल्लारी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण के पूजन अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव, सभाध्यक्ष शंकर लाल अहीर अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी व विशेष अतिथि हरीश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा प्रदेश प्रभारी युवा प्रकोष्ठ, समलिया यादव संरक्षक उपमहासभा पूर्व अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी, फिरन यादव पूर्व अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी, तुलाराम यादव अध्यक्ष कौड़िया देवरी राज, लुलचंद यादव अध्यक्ष खल्लारी राज, हरिराम यादव अध्यक्ष



सुअरमाल राज, हेमसिंह यादव अध्यक्ष आरंग राज, ईश्वर लाल अहीर खरियार राज थे।

सभाध्यक्ष शंकर लाल अहीर ने कहा कि सभी छः राज पार के सभी समाजिकजन को संगठित होकर कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए, जिसमे प्रेम, भाईचारा, सौहार्द पूर्ण वातावरण निर्मित होता है। सम्मेलन में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होवे, तभी हम किसी मांग को प्रबलता से रख सकते है। विशेष अतिथि हरीश यादव ने कहा कि आवश्यकता अनुसार नीति नियमों में संशोधन समय के मांग के साथ करना चाहिए, ताकि समाज प्रगतिशील समाज बन सके। प्रान्तीय महासचिव महासभा राजिम समलिया यादव ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के साथ बेटों की शिक्षा की आवश्यकता है। साथ ही उन्हें संस्कारी बनाने की जरूरत है। तभी समाज आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम में उपमहासभा खल्लारी के सभी पदाधिकारियों का गमछा भेंटकर बेच लगाकर सम्मान किया गया। इसमें छह राज के कौड़िया देवरी राज, खल्लारी राज, सुवरमाल राज, खरियार राज, आरंग राज, महासमुंद नगर के हजारों स्वजातीय बंधु सामाजिक चर्चा, विचार मंथन में हिस्सा लिए व प्राप्त आवेदनों पर विचार कर समस्या का समाधान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की गई। साथ ही वार्षिक आय व्यय की जानकारी प्रदान की गई। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोमकांत यादव (सचिव कौड़िया राज) व हरिराम यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप में से हरीश यादव (प्रान्तीय उपाध्यक्ष), समलिया यादव (प्रान्तीय महासचिव महासभा राजिम), तुलाराम यादव (अध्यक्ष कौड़िया राज), हरिराम यादव (अध्यक्ष सुअर माल), सोमकांत यादव (सचिव कौड़िया राज), दुलार यादव आदि मौजूद रहे।

# नगर में एकमुखी चतुर्भुज भगवान दत्तात्रेय मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

गुरुदेव सतगुरु अण्णा महाराज इंदौर के कर कमलों से श्री दत्तात्रेय सिद्ध शक्तिपीठ सिमगा में भगवान दत्तात्रेय की एकमुखी चतुर्भुज विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा हुई। भगवान दत्तात्रेय की भारत में इस तरह की पहली और अब तक के एकमात्र मूर्ति की स्थापना के लिए भगवान दत्तात्रेय की राजधानी माने जाने वाले गाणगापुर कर्नाटक के निर्गुण पादुका मठ के मुख्य पुजारी वैभव पुजारी के साथ 4 वेद शास्त्र निपुण आचार्य बुलाये गए थे। जिन्होंने तीन दिवसीय यह अनुष्ठान पूरा किया। कलश पूजा के लिए शिवशक्ति



आश्रम नर्मदापुरम के संन्यासी नर्मदा मणि महाराज स्वयं पधारे थे, जिनके हस्ते मंदिर का कलशारोहण किया गया। कार्यक्रम प्रयागराज से अवधेश पारीक चित्रकूट से शिव नरेश मिश्रा चित्रकूटधाम, गोंदिया से योगी रामनाथ, कराड से अरविंद जोशी, गोरखनाथ पीठ मनु डोंगर के महंत हरिहर नाथ योगी एवं दत्त संप्रदाय के ब्रह्मलीन संत जनु मामा के सुपुत्र भूषण अग्निहोत्री सहित अनेक साधु संत, भगवान दत्तात्रेय के भक्त उपस्थित थे। श्री दत्तात्रेय सिद्ध शक्तिपीठ का निर्माण सिमगा के रणजीत भोंसले एवं उनके परिवार द्वारा उनके गुरुदेव सतगुरु श्री अण्णा महाराज इंदौर के आज्ञा एवं निदेशानुसार कराया गया है। कार्यक्रम के दौरान अण्णा महाराज ने कार्यक्रम में पधारे साधू संतों का श्री दत्तात्रेय सिद्ध शक्तिपीठ सिमगा की ओर से शाल श्रीफल और हिंदी में अनुवादित श्रीपाद श्रीवल्लभ चरितामृत ग्रंथ भेट कर सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिले को मिला नया कलेक्टर, कुलदीप शर्मा संभालेंगे कमान



**बलौदाबाजार।** जिले में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कुलदीप शर्मा को बलौदाबाजार का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान कलेक्टर दीपक सोनी का स्थान लेंगे।शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2014 बैच के आईएएस अधिकारी कुलदीप शर्मा को बलौदाबाजार जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नियुक्ति आदेश के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज है और अधिकारियों-कर्मचारियों में नई कार्यशैली को लेकर चर्चा है। ज्ञात हो कि कुलदीप शर्मा प्रशासनिक अनुभव के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण पदों में दायित्व निभा चुके हैं। अब वे बलौदाबाजार जिले में विकास कार्यों की गति, कानून-व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। जिलेवासियों को नए कलेक्टर से बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्यों में तेजी की अपेक्षा है। आने वाले समय में यह देखना होगा कि उनके नेतृत्व में जिले की प्राथमिकताओं को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाता है।

### डोंगरीपाली में निकाली गई ज्योति कलश यात्रा

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली (कमरौद) में मां गायत्री ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, बालमुकुंद, ओम प्रकाश , गैंदूराम आदि ग्रामवासी सम्मिलित थे।

पेज 11 का शेष

### रेडक्रॉस प्रबंधकारिणी ...

आहार उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला शाखा के सुचारू संचालन हेतु कार्यालय की स्थापना तथा एक ऑपरेटर की नियुक्ति किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे जिले के कार्यों का नियमित एवं व्यवस्थित रूप से संपादन किया जा सके। आगामी वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उप सभापति ललिता यादव, राज्य प्रतिनिधि संजय पटेल, सदस्य मोरध्वज श्रीवास्तव, संदीप पांडेय, अरविंद मिश्रा एवं आनंद अग्रवाल सहित सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने पंचायत को तंबाकू सेवन मुक्त बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

आरंग ब्लॉक के ग्राम कोरासी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीपीसी) के अंतर्गत तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में जन-जागरूकता शिविर एवं रैली का आयोजन किया गया। पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक में तंबाकू मुक्त ग्राम बनाने विस्तृत क्रियान्वयन योजना पर चर्चा कर व्यवस्थित रूपरेखा तैयार की गई। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से तंबाकू मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम जिला तंबाकू नियंत्रण सेल एवं सीएम्एचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर बीएमओ आरंग डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत, डॉ. प्रज्ञा लोधी, डॉ. कंचन गुप्ता, डॉ. शिवानी नायक, डॉ. देवेंद्र बंजारे, धनंजय गोस्वामी, अनमोल पटेल, अभय राय, जयंती अवस्थी, सेक्टर सुपरवाइजर परसराम साहू, एलएचवी उर्मिला देवांगन, अश्वनी कुमार साहू, दयालु भारद्वाज, खिलानंद साहू, लीना देवांगन, मीना सेन, सुशीला साहू, अमरीका साहू, प्रभा साहू सहित मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित थे। सरपंच राकेश पटेल, उपसरपंच कृष्णा साहू, सोहन साहू, वीरेन्द कुमार टंडन, नाथू साहू, प्रहलाद साहू, गीता साहू, गुमान धीवर की उपस्थिति रही, जो सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते हैं। सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से नशा त्याग का प्रभावी संदेश दिया गया।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण पर कोरासी में आयोजित किया गया जन-जागरूकता कार्यक्रम



### जागरूकता रैली निकालकर आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

बैठक के पश्चात स्वस्थ जीवन एवं तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की सामूहिक संकल्प लिया गया। पूरे गांव में जागरूकता रैली निकालकर आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही दुकानों एवं शासकीय संस्थाओं में पोस्टर चिपका कर तंबाकू निषेध का संदेश प्रसारित किया गया।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



होली पर्व को लेकर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जहां जिला के उप पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं अनुविभागीय अधिकारी अतुल शेटे थाना प्रभारी लखेश केवट ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर एवं क्षेत्र में होली पर्व शांतिपूर्ण मनाने के लिए आप लोगों का सुझाव आवश्यक है।

बैठक में नगरपालिका उपाध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष पार्षदगण सरपंचों ने अपने अपने सुझाव अधिकारियों के समक्ष साझा किया। इसमें नगर के प्रमुख होली दहन स्थल महामाया मंदिर के समीप पाइंट ड्यूटी एवं नगर के विभिन्न मोहल्लों एवं ग्रामीण अंचल में लगातार पेट्रोलिंग की मांग रखी। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग रखी गई। वहीं अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोगों के सुझाव के अनुरूप ही कार्य किया जायेगा। वहीं अधिकारियों ने दिशा निर्देश दिया कि नशे की हालत में व तीन सवारी वाहन न चलाएं।

हरे भरे वृक्षों को न काटे मुखेटें का उपयोग न करें, विद्युत तार के नीचे होलिका दहन ना करें। जबरदस्ती किसी को रंग न लगाएं गाली गलौज न करें शांति एवं सौहार्द पूर्ण ढंग से होली पर्व मनाएं।

### गिधपुरी थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**भवानीपुर।** पुलिस थाना गिधपुरी में थाना क्षेत्र के लिए शांति समिति की बैठक हुई। इसमें ग्राम के सरपंच, उप सरपंच, वरिष्ठ नागरिक, ग्रामीण, कोटवार की उपस्थिति में तहसीलदार लीलाधर कंवर, नायब तहसीलदार ईश्वर प्रसाद व थाना प्रभारी संदीप बंजारे शामिल हुए। जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र की बातें रखी। जिसमें पुलिस पेट्रोलियम गाड़ी को थाना क्षेत्र में नियमित गश्त करने की अपील की। कहा गया कि होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि कोई अनहोनी न हो। हाई स्कूल का पेपर चल रहा है, इसलिए कोई भी व्यक्ति डीजे साउंड माइक का उपयोग न करें, जिससे उन्हें परेशानी ना हो। अश्लील शब्दों का प्रयोग ना करें। महिला वर्ग को जोर जबरदस्ती से रंग गुलाल ना लगाये।

# माध्यमिक शाला बन्दारी में हुई 8वीं के छात्रों की विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

पूर्व माध्यमिक शाला बन्दारी में छठवीं एवं सातवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा आठवीं के बच्चों को विदाई दी गई।

शिक्षक राम नारायण देवांगन ने कहा विदाई से दुख जरूर होता है पर आगे की कक्षाओं में जा रहे हैं हमें खुशी भी है। उन्होंने हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शिक्षक आर के साहू ने कहा की अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत कर गुरुजनों अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। प्राचार्य केपी साहू ने कहा कि जिस प्रकार बाज अपने पंखों से ऊंची उड़ान भरता वैसे ही आप सभी बच्चे अपने मेहनत के बल पर और गुरुओं के बताए हुए मार्ग और रास्ते पर चलकर, गुरु कृपा से सब कुछ मिल सकता है।

संबोधन के पश्चात 8वीं के बच्चों द्वारा केक काटा गया। कक्षा छठवीं एवं सातवीं की छात्र-छात्राओं ने आठवीं के बच्चों को सम्मान स्वरूप मेडल प्रदान किया। स्कूल के विज्ञान शिक्षक आर के साहू द्वारा कक्षा आठवीं के सभी बच्चों को एक-एक हाथ घड़ी प्रदान की गई।

### आदर्श विवाह में शामिल होने उप मुख्यमंत्री को न्योता



**पलारी।** विधानसभा सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य भेंट मुलाकात कर ग्राम पंचायत देवसुंदरा में आयोजित 8 मार्च को तहसील स्तरीय साहू समाज आदर्श विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित होने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया ।

# शराब दुकान में लगी भीड़ अधिक दर पर बिक्री का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

क्षेत्र के विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान में इन दिनों भीड़ देखी जा रही है। शाम ढलते ही दुकान के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं। मुख्य मार्ग से लगे इस दुकान के सामने भीड़ के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्राहक शराब खरीदने पहुंच रहे हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से धक्का-मुक्की की स्थिति बन जाती है। तस्वीर में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि बड़ी संख्या में लोग काउंटर के सामने एकत्रित हैं और सीमित स्थान में खरीदारी कर रहे हैं। इस बीच कई ग्राहकों ने ओवर रेट की शिकायत भी की है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ ब्रांड की शराब निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेची जा रही है। उनका कहना है कि दुकान में मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को सही दर की जानकारी नहीं मिल पाती। इससे ग्राहकों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

# लटुआ केंद्र में तीन स्कूलों के छात्र दे रहे परीक्षा



**बलौदाबाजार।** ग्राम लटुआ के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केंद्र क्रमांक 111238 में हाईस्कूल कक्षा 10वीं एवं हायर सेकंडरी कक्षा 12वीं की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित है। केंद्राध्यक्ष रमेश नेगी ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र में तीन हाई स्कूल भरसेला, लटुआ एवं अशासकीय शहीद वीरनारायण सिंह उमावि लटुआ के परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। कक्षा 10वीं में कुल 115 छात्र तथा कक्षा 12वीं में कुल 69 छात्र पंजीकृत है। हायर सेकंडरी परीक्षा अंतर्गत अर्थशास्त्र एवं जीव विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। अर्थशास्त्र में पंजीकृत 58 परीक्षार्थियों में 57 तथा जीव विज्ञान में 8 परीक्षार्थियों में 8 उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर की उड़नदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल हथबंद/दामाखेड़ा तहसील सिमगा जिला- बलौदा बाजार - भाटापारा (छ.ग.)**
**सीमांकन सूचना**
दिनांक 27.02.2026
प्रति,
1. भागसिंग पिता पुनऊ 2.अवधराम पिता बुधराम साहू 3. रेणुका कुमारी पति अरूण कुमार
विषय :-सीमांकन की सूचना।
संदर्भ :-क ......../तह./वा/2026 सिमगा, दिनांक 13.01.2026
विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक उमा सिंह पिता/पति आर.एल.सिंह ग्राम विवेकानंद नगर मोपका बिलासपुर तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का निवासी है, जिसने अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 853/3 रकबा 0.0112 हे. ग्राम ढेकुना प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. दामाखेड़ा तहसील सिमगा के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार सिमगा के समक्ष आवेदन किया है, जिसके परिपालन में उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा मौके पर दिनांक 09.03.2026 समय 11.00 P.M. बजे को किया जाना सुनिश्चित किया गया है।
एतद् द्वारा आप सभी को सूचित किया जाना है। कृपया नियत दिनांक को सीमांकन के समय अपने-अपने पक्ष के समर्थन में लेखी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। सूचना पत्र प्राप्ति होने के पश्चात उपस्थित नहीं रहने पर सीमांकन की कार्यवाही किया जावेगा।
**राजस्व निरीक्षक**
**हथबंद/दामाखेड़ा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**= उद्घोषणा =**
आनलाईन नं. अ/2 वर्ष 2025-26
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविलाल गेंडरे पिता आनन्दराम गेंडरे निवासी ग्राम भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) के द्वारा ग्राम हथनी प.ह.न. 40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 368/10, 368/11 रकबा क्रमशः 0.0140, 0.0140 हेक्टेयर अर्थात 3000 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 06.03.2026 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 20.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**भाटापारा**

HEALTH TOWN




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
27 फरवरी 2026
SHOW TIME
डार्लिंग प्यार झुकता नहीं दोबारा (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# मोबाइल की लत के खिलाफ छात्रों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

एक्स्ट्राऑर्डिनरी स्कूल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर मोबाइल फोन के बढ़ते दुरुपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। मोबाइल को बनाएं औज़ार, न बनने दें अपनी जान का दुश्मन शीर्षक से प्रस्तुत इस नाटक का उद्देश्य आधुनिक जीवन में मोबाइल की अति निर्भरता से होने वाले दुष्परिणामों को उजागर करना था।

नाटक में छात्रों ने संवादों के माध्यम से डिजिटल युग की वास्तविकताओं को सामने रखा। उन्होंने दिखाया कि एक ही घर में रहने के बावजूद लोग मोबाइल में इतने व्यस्त हो गए हैं कि आपसी संवाद और पारिवारिक संबंध कमजोर पड़ रहे हैं। विद्यार्थियों ने यह भी दर्शाया कि गेमिंग और सोशल मीडिया की लत किस प्रकार पढ़ाई और एकाग्रता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से आंखों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, मानसिक तनाव और सामाजिक अलगाव जैसे गंभीर मुद्दों पर भी प्रकाश डाला गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि तकनीक का उपयोग ज्ञान और विकास के लिए होना चाहिए न कि समय की बर्बादी के लिए। प्राचार्य डॉ. एकता शुक्ला ने छात्रों से कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

## मोबाइल दुरुपयोग के खिलाफ छात्रों का नुक्कड़ नाटक



### डिजिटल अनुशासन की दिलाई गई शपथ

उन्होंने कहा कि मोबाइल तकनीक का उपयोग सीमित और सकारात्मक उद्देश्य के लिए होना चाहिए। छात्रों एवं नागरिकों ने डिजिटल अनुशासन बनाए रखने और मोबाइल का संतुलित उपयोग करने की शपथ ली। कार्यक्रम में डायरेक्टर अभिषेक मिकी तिवारी एवं टूकेश्वर वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### पांचवी के छात्रों को दी गई विदाई

**रवान**। प्राथमिक शाला भरसेला बड़ा में प्रधान पाठक डॉ. कमलेश कुमार सेन के मार्गदर्शन में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कक्षा चौथी के छात्रों ने तालियां बजाकर शुभकामनाएं और विदाई दी। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुब्बारों और आकर्षक सजावट से सजा हुआ था। बच्चों ने भाषण, गीत, नृत्य और मनोरंजक प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रतिनिधि लक्ष्मी ध्रुव, संकुल समन्वयक अमित अवस्थी तथा शिक्षकगण आकांक्षा तिवारी, कुसुमकान्ति टोप्पो, खुशबू क्षत्रिय, भारती पाण्डेय, विजय लहरे, माला साहू एवं ओजस्वीता ध्रुव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### 2 पुल निर्माण के लिए 7 करोड़ मंजूर



**भाटापारा**। बजट 2026-27 में विधानसभा अंतर्गत 7 करोड़ की लागत से 2 वृहद पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति शिवरतन शर्मा के प्रयासों से मिली है। इसमें मिरगी से तुरमा मार्ग और गुर्रा-जोगीद्वीप मेला शामिल है। गौरतलब है कि स्थानीय नागरिक लंबे समय से यहां उच्च स्तरीय पुल के निर्माण की मांग कर रहे थे। वर्तमान में रपटा पुल होने के कारण लोगों को ऊंचाई की ओर से होकर आवागमन करना पड़ता है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह समस्या समाप्त हो जाएगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। इस स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों, कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने शिवरतन शर्मा के प्रति आभार जताया है।

### निधन

#### मानकी वर्मा



**बंगोली**। ग्राम बंगोली निवासी मानकी वर्मा 68 वर्ष पति चंदुलाल वर्मा का शुक्रवार को निधन हो गया, जहां उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग उपस्थित होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतका चंदुलाल वर्मा के पत्नी थी तथा भरत वर्मा, कोमल राजू वर्मा के मॉ एवं नीलकंठ वर्मा के भाभी थी।

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने बिलाईगढ़ ब्लॉक के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखंड के विभिन्न शासकीय संस्थानों एवं निर्माण कार्यों का कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गुणवत्ता और निर्माण से जुड़ी जानकारी भी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नर्सरी पेंड्रावन का निरीक्षण किया, यहां लगभग सवा एकड़ भूमि में मेथी की खेती की जा रही है, जिसकी प्रगति की जानकारी ली। नर्सरी में किए गए फेंसिंग कार्य का भी निरीक्षण किया।

डीएमएफ मद से लगभग 9 लाख की लागत से कराए गए चैन फेंसिंग कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शासकीय नर्सरी पेंड्रावन में आय के स्त्रोतों की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने बताया कि नर्सरी लगभग 10 एकड़ में फैली हुई है, जिसमें लगभग 2 एकड़ में आम का बगीचा लगा है। यहां 95 आम के पेड़ हैं और 4 विभिन्न प्रजातियों के आम लगाए गए हैं। नर्सरी के सामने पेंड्रावन में 25 लाख की लागत से बन रहे महतारी सदन भवन का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने ठेकेदार और इंजीनियर को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास पेंड्रावन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया। छात्रावास अधीक्षिका ने बताया कि यहां कक्षा 6वीं से 10वीं तक की छात्राएं निवास करती हैं। 50 सीटर इस छात्रावास में निरीक्षण के दिन 5 छात्राएं उपस्थित मिलीं। कलेक्टर ने छात्राओं के लिए बनाए जा रहे भोजन की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कोट में बन रहे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और निर्माण की प्रगति की समीक्षा की।

# विकसित भारत युवा संसद स्पर्धा में आयुष तिवारी प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय में 26 फरवरी को जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से परिचित कराना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। यह कार्यक्रम माई भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार के निर्देशन तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जितेंद्र महाले उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स, डॉ. सीके चंद्रवंशी, डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अशोक जैन ने युवाओं को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 11 विद्यार्थियों ने संसद की कार्यवाही का अनुकरण करते हुए आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष की भूमिका निभाते हुए तार्किक एवं प्रभावपूर्ण भाषण दिए, जिससे कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुष तिवारी, द्वितीय विवेक वर्मा, तृतीय पेमेश्वरी साहू, चतुर्थ योगेंद्र कुमार, पांचवां गिरीश यादव ने हासिल किया। निर्णायक मंडल में राजेंद्र टंडन, मोहन लाल वर्मा, जयंत मिंज, डॉ अजय कुमार औधेलिया, योगेंद्र कुमार कंवर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा।

# कलेक्टर ने सेवानिवृत्ति पर जिला पंजीयक को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पंजीयन कार्यालय में पदस्थ जिला पंजीयक मुरारी राम भूआर्य शुक्रवार को अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला पंजीयक भूआर्य को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पदस्थापना के दौरान बेहतर कार्य किया है, जो अन्य अधिकारयों के लिये प्रेरणादायक है। लम्बे समय तक शासकीय सेवा में रहना और बेदाग होकर सेवानिवृत्त होना बड़ी बात है। सेवानिवृत्ति के पश्चात यही आपकी पूंजी है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवकों को एक निश्चित समय पर सेवानिवृत्त होना है। इस दौरान उप पंजीयक विप्लव सहित पंजीयन कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## तुलसी स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**खरोरा**। प्राथमिक शाला तुलसी में आओ खुशियां बांटे" कार्यक्रम के तहत कक्षा पांचवी की छात्रा रिया साहू का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर उनके पिता मोहन लाल साहू ने विद्यालय के बच्चों के लिए विशेष न्योता भोज का आयोजन किया। न्योता भोज में बच्चों को भजिया और खीर परोसी गई। सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ जन्मदिन समारोह में भाग लिया और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया। इस अवसर पर मोहन साहू एवं उनके परिवार के सदस्य, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, रसोईया गण तथा स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान पाठक द्वारा मोहन साहू का सम्मान करते हुए उनके इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया गया।



# झेरिया यादव समाज भवन के लिए विधायक साव ने की 10 लाख की घोषणा



**भाटापारा**। झेरिया यादव समाज तरेंगा राज का वार्षिक अधिवेशन सिंगारपुर में हुआ। इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्र साव शामिल हुए। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों की मांग पर सभा भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जयसवाल विशेष अतिथि थे।

विधायक इन्द्र साव ने कहा यादव समाज का इतिहास, परंपरा, परिश्रम और साहस के लिए जाना जाता है। भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाएं और आदर्श हमें हमेशा सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। यादव समाज ने देश के विकास और समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विधायक इंद्र साव का सामाजिक सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अधिवक्ता सुरेश यदु, आशीष पुरोहित, विक्की ठाकुर, समाज के अध्यक्ष मन्नू लाल यादव, उपाध्यक्ष तिहारु यादव, सचिव शोभित यादव, कोषाध्यक्ष नरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष राकेश यादव, महामंत्री द्वारिका यादव, मंत्री मनहरण यादव, लेखपाल रामकुमार यादव सहित तरेंगा परिक्षेत्र के 127 गांव के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# छात्रों ने की कॉलेज के समीप बस प्रतीक्षालय निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महाविद्यालय लवन के छात्र-छात्राओं ने आज कालेज के समीप बस प्रतीक्षालय निर्माण की मांग को लेकर जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े से भेंट की। छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत अधिकांश विद्यार्थी प्रतिदिन दूर-दराज के गांवों से आवागमन करते हैं।

बस की प्रतीक्षा के दौरान उन्हें धूप, बारिश एवं अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। विशेषकर छात्राओं को अत्यधिक परेशानी होती है। सांसद से मुलाकात के दौरान विद्यार्थियों ने मांग रखी कि शीघ्र बस प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके। सांसद कमलेश जांगड़े ने विद्यार्थियों की मांग को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और इस संबंध में संबंधित विभाग से चर्चा कर शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# इको टूरिज्म पर आयोजित प्रशिक्षण में 38 उद्यमियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केंद्र सरकार की रैंप योजना अंतर्गत भाटापारा में सेक्टर स्पेसिफिक कार्यक्रम के तहत इको टूरिज्म विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले एनआईएमएससी हैदराबाद द्वारा भाटापारा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिले के पर्यटन क्षेत्र से जुड़े युवा उद्यमियों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं स्थानीय प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को इको टूरिज्म के उभरते रुझानों, सतत पर्यटन विकास, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्थानीय रोजगार सृजन के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शासन की उद्योग नीति 2024-30 के प्रावधानों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि बुद्धेश्वर वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सेवा भावना को अपनाने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर गौरव यादव द्वारा ट्रैकिंग एवं कैंपिंग विषय पर व्यवहारिक वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को एडवेंचर टूरिज्म के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई। तृतीय दिवस पर गिरधारी लाल वर्मा की उपस्थिति में समापन सत्र हुआ। कार्यक्रम समापन प्रमाण-पत्र वितरण के साथ किया गया।



## सारंगढ़ और बिलाईगढ़जिले के समुचित विकास के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं



**गोपालपुर**। प्रदेश के बजट पर सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में असंतोष उभर कर सामने आया है। सारंगढ़ विधानसभा की विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने आरोप लगाया है कि अनुसूचित जाति आरक्षित दोनों सीटों सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के बजट में अनदेखी की गई है, जिससे क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका है। विधायक ने कहा कि नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के समुचित विकास के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने बिंदुवार कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए सरकार पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान नहीं किया गया। डोंगरपाली और कोसीर में नवीन महाविद्यालय खोलने हेतु प्रस्तावित होने के बावजूद बजट में राशि शामिल नहीं की गई।

सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
क्लीनिकल टेस्ट में 20% की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 9340638884
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुखमणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिग्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक
28 मार्च, 2026
04 अप्रैल, 2026
04 जून, 2026
14 जून, 2026
29 जुलाई, 2026
11 दिन की यात्रा
ऑफर ₹ 18,500/-3AC ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)